**NEWS CLIPPING:29.05.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC BOSE UNIVERSITY FOCUSES ON SKILL DEVELOPMENT OF FACULTY MEMBERS ON EMERGING TECHNOLOGY

**FARIDABAD (TIT NEWS):** In order to promote research and learning on the emerging technologies in the field of Artificial Intelligence and Machine learning, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has been giving special thrust on skill enhancement programs for faculty members and students. Taking concrete steps in this direction, the Department of Computer Engineering of the University has been organising a five-day AICTE sponsored Faculty Development Programme on "Computer Vision and Image Processing" from May 30 to June 3, 2022. More than 50 faculty members and research scholars from the different parts of the Country will be participating in the program. The Vice Chancellor of Deenbandhu Chhotu Ram University of Science and Technology, Murthal, Prof. Rajender Kumar Anayath will be the chief guest in the inaugural session. Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar has applauded the efforts made by the Department for conducting Skill Enhancement Programs on the emerging trends like Computer Vision and Deep Learning to inculcate a research attitude for exploring new possibilities and solutions to problems arising in different areas and encouraged the faculty members to take advantage of it as it will help them to conduct research in the emerging field. Dean, Faculty of Informatics and Computing, Dr. Komal Kumar Bhatia said that the program will be helpful for the participants in gaining the knowledge about the ongoing research areas like image processing, pattern recognition and its diverse applications. Chairperson Prof. Atul Mishra apprised that during the five-day program various topics such as object detection and recognition, Video tracking, Motion Detection, Geospatial image processing that have applications in different scientific domains will be taken up by eminent personalities from IITs, NITs and other institutes of national repute. The program is being coordinated by Dr.Parul Tomar, Dr. Payal Gulati and Dr. Sonali Gupta from the Computer Engineering Department.

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:29.05.2022**

# PIONEER

# जेसी बोस : शिक्षकों के कौशल विकास पर विशेष बल

## कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा कंप्यूटर विजन एंड इमेज प्रोसेसिंग पर पांच दिवसीय कार्यक्रम हुआ



जेसी बॉस विश्वविद्यालय का फोटो।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में उभरती प्रौद्योगिकियों पर अनुसंधान और अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कदम उठाते हुए विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 30 मई से 3 जून 2022 तक कंप्यूटर विजन एंड इमेज प्रोसेसिंग पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) द्वारा प्रायोजित है। इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से 50 से अधिक शिक्षक एवं शोधार्थी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल के कुलपति प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत मुख्य अतिथि होंगे। कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने विभिन्न क्षेत्रों में समस्याओं के समाधान और नई संभावनाओं की खोज के दृष्टिगत कंप्यूटर विजन और डीप लर्निंग जैसे उभरते क्षेत्रों में कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने पर कंप्यूटर इंजीनिरिंग विभाग के प्रयासों की सराहना की है और शिक्षकों को कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम उभरते क्षेत्र में शोध में मददगार साबित होते है।

फैकल्टी ऑफ इंफॉर्मेटिक्स एंड कंप्यूटिंग के डीन डॉ कोमल कुमार भाटिया ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए इमेज प्रोसेसिंग, पैटर्न रिकॉग्निशन और इसके विविध अनुप्रयोगों से संबंधित अनुसंधान क्षेत्रों में ज्ञानवर्धन में मददगार होगा।

विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों जैसे ऑब्जेक्ट डिटेक्शन एंड रिकग्निशन, वीडियो ट्रैकिंग, मोशन डिटेक्शन, जियोस्पेशियल इमेज प्रोसेसिंग, जोकि विभिन्न वैज्ञानिक डोमेन में अनुप्रयोग हैं पर आईआईटी, एनआईटी तथा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान के विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग से डॉ. पारुल तोमर, डॉ. पायल गुलाटी और डॉ. सोनाली गुप्ता द्वारा किया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING:29.05.2022**

## HINDUSTAN

# वाईएमसीए इमेज प्रोसेसिंग की बारीकियां सिखाएगा

- पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी
- 50 से अधिक शिक्षक और शोधार्थी हिस्सा लेंगे

फरीदाबाद, संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसके तहत 30 मई से 3 जून 2022 तक कंप्यूटर विजन एंड इमेज प्रोसेसिंग पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा प्रायोजित है। इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से 50 से अधिक शिक्षक एवं शोधार्थी हिस्सा लेंगे। फैकल्टी ऑफ इंफॉर्मेटिक्स एंड कंप्यूटिंग के डीन डॉ कोमल कुमार भाटिया ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए इमेज प्रोसेसिंग, पैटर्न रिकॉग्निशन और इसके विविध अनुप्रयोगों से संबंधित अनुसंधान क्षेत्रों में ज्ञानवर्धन में मददगार होगा।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:29.05.2022**

# AAJ SAMAJ

## जेसी बोस विश्वविद्यालय ने उभरती प्रौद्योगिकी में शिक्षकों के कौशल विकास पर विशेष बल दिया

**फरीदाबाद।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में उभरती प्रौद्योगिकियों पर अनुसंधान और अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कदम उठाते हुए विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 30 मई से 3 जून 22 तक कंप्यूटर विजन एंड इमेज प्रोसेसिंग पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) द्वारा प्रायोजित है।

इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से 50 से अधिक शिक्षक एवं शोधार्थी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल के कुलपति प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत मुख्य अतिथि होंगे। कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने विभिन्न क्षेत्रों में समस्याओं के समाधान और नई संभावनाओं की खोज के दृष्टिगत कंप्यूटर विजन और डीप लर्निंग जैसे उभरते क्षेत्रों में कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने पर कंप्यूटर इंजीनिरिंग विभाग के प्रयासों की सराहना की है और शिक्षकों को कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम उभरते क्षेत्र में शोध में मददगार साबित होते है। फैकल्टी ऑफ इंफॉर्मेटिक्स एंड कंप्यूटिंग के डीन डॉ कोमल कुमार भाटिया ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए इमेज प्रोसेसिंग, पैटर्न रिकॉग्निशन और इसके विविध अनुप्रयोगों से संबंधित अनुसंधान क्षेत्रों में ज्ञानवर्धन में मददगार होगा।

विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने बताया कि विषयों जैसे ऑब्जेक्ट डिटेक्शन एंड रिकग्निशन, वीडियो ट्रैकिंग, मोशन डिटेक्शन, जियोस्पेशियल इमेज प्रोसेसिंग, जोकि विभिन्न वैज्ञानिक डोमेन में अनुप्रयोग हैं, पर आईआईटी, एनआईटी तथा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान के विशेषज्ञ चर्चा करेंगे।